**Total No of Printed Pages: 9**

**Class -VI**

**Mid Term Examination (2025-26)**

**Subject – Hindi**

**Set – A1**

**Time allowed – 2.5 hrs** **Max marks-60**

निर्देश: 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 12 हैं।

2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्र. 1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

क) जैसी करनी वैसी भरनी

ख) आत्मनिर्भरता

ग) परिश्रम का महत्व


घ) मीठे बोल

प्र. 2 अपने मोहल्ले में चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं की शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

परीक्षा में सफल होने पर प्रोत्साहन देते हुए अपने भाई को पत्र लिखिए।

प्र. 3 चित्र वर्णन 40 से 50 शब्दों में कीजिए - (3)



प्र. 4 पदभेदानुसार कीजिए - (3)

क) <u>अमीरों</u> का जीवन सुख से भरा है।

(i) व्यक्ति वाचक संज्ञा (ii) जाति वाचक संज्ञा

iii) निजवाचक सर्वनाम (iv) भाववाचक संज्ञा

ख) मुझे <u>चार किलो</u> संतरे दो।

i) सार्वनामिक विशेषण ii) परिमाणवाचक विशेषण

iii) गुणवाचक विशेषण iv) संख्यावाचक विशेषण

ग) यह वही लड़का है, <u>जिसने</u> वाद- विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है |

i) पुरूषवाचक सर्वनाम ii) सार्वनामिक विशेषण

iii) निजवाचक सर्वनाम iv) संबंधवाचक सर्वनाम

प्र. 5 सही विकल्प चुनकर लिखिए। (8)

क) 'हलवाई ' का स्त्रीलिंग शब्द है -

(i) ललाइन (ii) हलवाइन

(iii) हलवानी (iv) ठकुराई

ख) 'कविता ' का बहुवचन है -

(i) काव्य (ii) पुस्तकें

(iii) कविताएं (iv) कविताओं

ग) 'रूपया' का बहुवचन है -

i) रुपए ii) ताले

iii) रुपयों iv) थैले

घ) 'जिसका अंत न हो' के लिए एक शब्द है -

(i) अनपढ़ (ii) अदृश्य

(iii) अनंत (iv) असहय

ड) अच्छे अंक परीक्षा में ना मिलने के कारण राम निराशा से भर गया परन्तु माँ द्वारा समझाने पर उसके मन में ______ का भाव जाग गया | उपयुक्त विलोम शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरें |

(i) आशा (ii) यथार्थ

(iii) दीर्घायु (iv) अनावश्यक

च) 'मानव' के लिए भाववाचक संज्ञा है -

(i) अपनत्व (ii) निजता

(iii) मानवता (iv) ममता

छ) जब मोहन ने माँ के बार-बार कहने पर भी अपना गृह कार्य पूरा नहीं किया तो माँ ने उसे आँखें दिखाई| वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का सही अर्थ निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर लिखिए |

(i) क्रोध करना (ii) धोखा देना

(iii) बहुत खुश होना (iv) अपमानित करना

ज) 'अनंत' के अनेकार्थी शब्द हैं -

(i) शरीर, भाग (ii) समय, मृत्यु

(iii) सब, वंश (iv) आकाश, ईश्वर

प्र. 6 निर्देशानुसार कीजिए - (5)

क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो- दो पर्यायवाची लिखिए (2)

(i) जल (ii) तालाब (iii) चंद्रमा

ख) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए - (कोई दो) (2)

(i) उदार-उधार (ii) केसर-केशर (iii) ओर-और

ग) वाक्य शुद्ध कीजिए - (कोई एक) (1)

(i) सबने मज़े से मिठाई खाया |

(ii) इस प्रश्न का समाधान बताइए |

प्र. 7 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3*3=9)

क) ध्यानचंद की सफलता का राज़ क्या था? किन बातों से पता चलता है कि वे अपने से पहले दूसरों के बारे में सोचते थे?

ख) खड़ग सिंह कौन था और वह बाबा भारती के पास क्यों आया? स्पष्ट रूप से लिखिए।

ग) हम कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल की माँ स्वतंत्र और उदार विचारों वाली थीं?

घ) आज से कई दशक पहले बिस्मिल की माँ शिक्षा के महत्व को समझती थीं |बताइए कैसे?

प्र. 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (6)

क) 'मातृभूमि' कविता के आधार पर भारत की सुंदरता का वर्णन कीजिए।

ख) कवि ने 'पहली बूँद' को अमृत के समान क्यों कहा है? वर्षा ऋतु में धरती पर क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?

ग) रहीम ने सच्चे मित्र की पहचान करने का क्या तरीका बताया है?

प्र. 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -(5)

साहस की ज़िन्दगी रोमांचक होती है। ऐसी ज़िन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाले आदमी दुनिया की असली ताकत होते हैं और दुनिया को प्रकाश भी उसी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना किसी और के साथ नहीं करते और न ही वे पड़ोसी की चाल देखकर अपनी चाल को मद्धिम बनाते हैं।

क) साहस की ज़िंदगी कैसी होती है ?

ख) कैसा व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है ?

ग) 'प्रकाश' शब्द का अर्थ लिखें।

घ) साधारण लोग कैसे होते हैं?

ड) क्रांति करने वाले लोग कैसे होते हैं?

प्र. 10 सही विकल्प चुनिए - (2)

क) 'पहली बूँद' कविता के कवि का नाम है -

i) नागार्जुन ii) सोहन लाल द्विवेदी

iii) गोपाल कृष्ण कौल iv) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

ख) 'हार की जीत' पाठ के लेखक हैं -

i) सुदर्शन ii) मेजर ध्यानचंद

iii) प्रेमचंद iv) सुमित्रानंदन पंत

प्र. 11 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए -   (4)

‘वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद घटा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से
नव-जीवन की ले अंगड़ाई

धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।

क) प्रथम दिवस किसका है?

i) पावस    ii) वसंत

iii) ग्रीष्म    iv) शीत

ख) धरती से क्या फूट पड़ा?

i) धान    ii) पानी

iii) अंकुर    iv) इनमें से कोई नहीं

ग) किसने नव-जीवन की अंगड़ाई ली?

i) बूँद    ii) नव-जीवन

iii) पावस    iv) अमृत

घ) ‘अमृत-सी’ आकर कौन धरती पर आ गिरी?

i) वसंत ii) अंकुरन

iii) बीज iv) बूँद

**अथवा**

“रहिमन देखी बड़ेन को,
लघु ना दीजिए डारी|
जहाँ काम आवे सुई,
कहा करे तरवारि||”

क) प्रस्तुत दोहे रचनाकार का नाम है -

i) कबीरदास ii) तुलसीदास

iii) रहीमदास iv) सूरदास

ख) प्रस्तुत दोहे में आए शब्द ‘तरवारि’ का अर्थ है -

i) पवित्र ii) निखरना

iii) तलवार iv) तीर

ग) रहीम के अनुसार, बड़े व्यक्ति को देखकर किसे नहीं छोड़ना चाहिए?

i) अमीर व्यक्ति को ii) छोटे व्यक्ति को

iii) गरीब व्यक्ति को iv) बीमार व्यक्ति को

घ) रहीमदास किस काल के कवि हैं?

i) आदिकाल ii) भक्तिकाल

iii) रीतिकाल iv) आधुनिक काल

प्र. 12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -(5)

राम पर्णकुटी के बाहर एक शिलाखंड पर बैठे थे। एकदम अकेले। विचारमग्न। कुछ सोचते हुए। चित्रकूट अयोध्या से केवल चार दिन की दूरी पर था। लोगों का आना-जाना लगा रहता था। वे प्रश्न पूछते। राय माँगते। यह राजकाज में हस्तक्षेप की तरह होता। चित्रकूट सुंदर-सुरम्य था। शांत था। पर राम वहाँ से दूर चले जाना चाहते थे। उन्होंने मन बना लिया। चित्रकूट में न ठहरने का।

क) राम कहाँ पर बैठे थे?

ख) चित्रकूट अयोध्या से कितनी दूर था?

ग) चित्रकूट कैसा था?

घ) कौन चित्रकूट से दूर चले जाना चाहते थे?

ड) प्रस्तुत गद्यांश में आए शब्द 'शिलाखंड' शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए।